UPAD010024162026

न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 02 प्रयागराज

अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र संख्या–868/2026

1. मंजीशा देवी उम्र 32 वर्ष पत्नी अनिल कुमार सिंह
2. अनिल कुमार सिंह उम्र 28 वर्ष्र्ज पुत्र स्व0 गुलाबशंकर सिंह

निवासीगण ग्राम हरदिहा, थाना कोरांव, जिला प्रयागराज।

.... आवेदकगण/अभियुक्तगण

प्रति

राज्य उ0प्र0 .... विपक्षी

अपराध सख्या–24/2026
धारा 85, 115(2), 109, 351(3) बी0एन0एस0
तथा धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम
थाना कोरांव, जनपद प्रयागराज

07.04.2026

1. अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र पेश हुआ।

2. बार–बार पुकार पर प्रार्थीगण/अभियुक्तगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से विदित हो रहा है कि प्रस्तुत अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र दिनांक 23.02.2026 को प्रस्तुत किया गया है, तदोपरान्त अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र में नियत तिथि दिनांक 20.03.2026, 27.03.2026, 31.03.2026, 04.04.2026 व 06.04.2026 को प्रार्थीगण/अभियुक्तगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ है और न ही कोई स्थगन प्रार्थनापत्र दिया गया है। आज भी बार–बार पुकार पर प्रार्थीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन प्रार्थनापत्र दिया गया है।

3. उपरोक्त तथ्य एवं परिस्थितियों यही दर्शित हो रहा है कि प्रार्थीगण की प्रस्तुत अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र में अब कोई रूचि नहीं रह गयी है। अतः प्रस्तुत अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/अभियुक्तगण की पूर्व कई तिथियों से लगातार अदम हाजिरी में निरस्त किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रस्तुत अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/अभियुक्तगण की लगातार अनुपस्थिति के दृष्टिगत अदम हाजिरी में निरस्त किया जाता है।

(सीमा सिंह–प्रथम)
अपर सत्र न्यायाधीश
कक्ष सं. 2 प्रयागराज
J.O. Code No. UP01669

दिनांक 07.04.2026